# राजस्थान सरकार
## निदेशालय, कोष एवं लेखा, राज., जयपुर
वित्त भवन" जनपथ, जयपुर
(दूरभाष नं0:– 0141–2740837,, फैक्स 0141–2742309, ई मेल:– jacct.dta@rajasthan.gov.in)


**कमांकः– एफ.4(ई) /(एम–3094/2013)/ अलेसे–III/6483** **दिनांक :– 04/01/2021**

## कार्यालय आदेश

श्रीमती ममता मीना, क. ले. जो कि पूर्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जमवारामगढ़ जयपुर में कार्यरत थी, को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (ग्रुप–2) विभाग राजस्थान सरकार के पत्रांक 2/2019 दिनांक 20.04.2020 के तहत कार्यालय सा0 स्वा0 केन्द्र, जमवारामगढ़, जयपुर में कनिष्ठ लेखाकार का पद विलोपित कर दिये जाने के फलस्वरूप चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सा0 स्वा0 केन्द्र, जमवारामगढ़, जयपुर के कार्यमुक्ति आदेश क्रमांक 120 दिनांक 09.06.2020 एवं इस विभाग के आदेश क्रमांक 5436 दिनांक 26.05.2020 की अनुपालना में दिनांक 10.06.2020 को आदेशों की प्रतीक्षा में लेते हुए कार्यालय कोषाधिकारी, जयपुर ग्रामीण में कार्यग्रहण किया। तद्पश्चात विभागीय आदेश सं. 81/2020–21 क्रमांक 5540 दिनांक 12.06.2020 द्वारा दिनांक 10.06.2020 से आदेशों कि प्रतीक्षा में लिया जाकर कार्यालय सा0 स्वा0 केन्द्र, जमवारामगढ़, जयपुर से नवपदस्थापन हरीश चंद माथुर, लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर किया गया, जिसकी अनुपालना में कोषाधिकारी, जयपुर ग्रामीण के कार्यमुक्ति आदेश क्रमांक 5047–50 दिनांक 15.06.2020 के द्वारा दिनांक 15.06.2020 को मध्यान्ह् पूर्व कार्यमुक्त किया गया। इसके उपरान्त दिनांक 15.06.2020 से 07.08.2020 तक श्रीमती ममता का स्वास्थ्य खराब होने के कारण कार्यग्रहण नहीं किया गया,। स्थानान्तरणाधीन रहते हुए विभागीय स्थानान्तरण/पदस्थापन आदेश संख्या 137/2020–21 क्रमांक 6002 दिनांक 07.08.2020 द्वारा हरिश चन्द माथुर लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर से नव पदस्थापन कार्यालय उपकोषालय जमवारामगढ, जयपुर में श्री पृथ्वीराज मीणा के स्थान पर किये जाने के फलस्वरूप दिनांक 08.08.2020 एवं 09.08.2020 के राजकीय अवकाश के बाद दिनांक 10.08.2020 (मध्यान्ह् पूर्व) को श्रीमती ममता मीणा द्वारा कार्यग्रहण किया गया।

परन्तु कार्यालय उपकोषाधिकारी जमवारामगढ़, जयपुर ग्रामीण में माह जून 2020 व जुलाई, 2020 में कनिष्ठ लेखाकार का पद रिक्त नहीं होने के कारण श्रीमती ममता मीना को उक्त अवधि का वेतन भुगतान नहीं किया जा सका हैं।

अतः श्रीमती ममता मीना क.ले. को माह जून, 2020 से जुलाई, 2020 तक की अवधि को कर्तव्य अवधि के रूप में नियमित मानते हुए उक्त अवधि (जून 2020 से जुलाई 2020 तक) का वेतन उपकोषालय, सांभर, जयपुर के कार्यालय में कनिष्ठ लेखाकार के रिक्त पद के विरूद्ध आहरण कराने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती हैं।

(सर्वेश कुमार तिवाड़ी)
निदेशक

**कमांकः– एफ.4(ई) /(एम–3094/2013)/ अलेसे–III/6483** **दिनांक :– 04/01/2021**

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–**

1. उपकोषाधिकारी जमवारामगढ जयपुर ग्रामीण को प्रेषित कर लेख हैं कि संबंधित कार्मिक का अंतिम भुगतान प्रमाण पत्र एवं उपस्थिति विवरण तथा सेवा पुस्तिका इत्यादि उपकोषाधिकारी, सांभर, जयपुर को प्रेषित करवाने का श्रम करावें।
2. उपकोषाधिकारी, सांभर, जयपुर को प्रेषित कर लेख हैं कि संबंधित कार्मिक का अंतिम भुगतान प्रमाण पत्र एवं उपस्थिति पत्र तथा सेवा पुस्तिका इत्यादि प्राप्त कर वेतन भुगतान की व्यवस्था करवाते हुए सेवा पुस्तिका में इन्द्राज करवाने का श्रम करावें।
3. ममता मीना, कनि. लेखाकार कार्यालय उपकोषाधिकारी जमवारामगढ जयपुर ग्रामीण ।
4. निजी सचिव निदेशक महोदय।
5. उप निदेशक,(एसीपी) कम्प्यूटर पीआईएस रिकार्ड संधारण हेतु।
6. पदस्थापन सीट/वरिष्ठता सीट/गोपनीय शाखा।

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–III)

F:\LETTER 1.DOCX 731